वाट्सऐप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :3 अंक : 191 मंगलवार 7 नवम्बर 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

## कांग्रेस के स्टार प्रचारकों की सूची जारी

### राहुल, सोनिया, प्रियंका समेत 40 करेंगे प्रचार; राजस्थान से ममता भूपेश भी शामिल

**जयपुर. कासं।** राजस्थान विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने इस बार प्रचार के लिए अपने 40 स्टार प्रचारकों की सूची जारी की है। इस सूची में गांधी परिवार के तीनों सदस्यों के अलावा राज बब्बर, शशि थरूर, कन्हैया कुमार समेत कई नामी चेहरे शामिल है। राजस्थान से कैबिनेट मंत्री ममता भूपेश को इस सूची में आखिरी नंबर पर जगह मिली है। राजस्थान से सचिन पायलट, अशोक गहलोत के अलावा पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा, राजस्थान प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा, हरिश चौधरी, महेन्द्र जीत सिंह मालवीय, गोविंद राम मेघवाल, नीरज डांगी, धीरज गुर्जर और प्रमोद जैन भाया को स्टार प्रचार की सूची में रखा है। इनके अलावा कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, के.सी. वेणुगोपाल, भूपेन्द्र सिंह हुड्डा, मुकुल वासनिक, तारिक अनवर, जितेन्द्र सिंह, मधुसूदन मिस्त्री, गौरव गोगोई, सुखवींदर सिंह सुक्खू, मोहन प्रकाश, प्रताप सिंह बाजवा, चरणजीत सिंह चन्नी, शक्तिसिंह गोहिल, शकील अहमद खान का नाम शामिल है। इनके अलावा पवन खेड़ा, काजी मोहम्मद निजामुद्दीन, वीरेन्द्र सिंह राठौड़, अमृता धवन, अमरिंद्र सिंह राजा, जिग्नेश मेवानी, बी.वी. श्रीनिवास, नीरज कुंदन का नाम भी इस सूची में रखा गया है।

## ऋतिक रोशन ने जयपुर में राडो के एक्सक्लूसिव स्टोर में फेस्टिव सीजन 2023 कलेक्शन लॉन्च किया

**जयपुर. कासं**

मशहूर स्विस लग्जरी घड़ी निर्माता, राडो ने जयपुर में टोंक रोड पर अपने एक्सक्लूसिव स्टोर के भव्य शुभारंभ की घोषणा की है। इस विशेष अवसर को यादगार बनाने के लिए राडो के ग्लोबल ब्रांड एम्बेसडर और बॉलीवुड सुपरस्टार ऋतिक रोशन विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित थे जिन्होंने घड़ियों की उत्कृष्ट कैप्टेन कुक रेंज का अनावरण किया। जयपुर में यह नया स्टोर घड़ी प्रेमियों के लिए शानदार स्थान का प्रतीक है। यहाँ ब्रांड के नवाचार, शुद्धता और स्टाइल की विरासत को पूरी तरह डिस्प्ले किया गया है। इस स्टोर की रूपरेखा इस प्रकार तैयार की गई है जिससे कि ग्राहकों को राडो की प्रतिष्ठित घड़ियों के व्यापक संकलन के साथ आकर्षक अनुभव प्राप्त होता है। अपनी जबर्दस्त स्टाइल और करिश्मा के लिए मशहूर, ऋतिक रोशन ने अपनी स्टार इमेज से समारोह में चार चाँद लगा दिए। उन्होंने नई आर808 स्केलेटन मूवमेंट के साथ शानदार कैप्टेन कुक हाई-टेक सिरेमिक स्केलेटन का अनावरण किया। यह पहले से बेहद सफल मॉडल के तकनीकी और खूबसूरती के दोनों आकर्षण को बढ़ाता है जो शहरी परिवेश या बीहड़ स्थानों में खोजकर्ताओं के लिए समान रूप से उपयोगी है। अब कैप्टेन कुक श्रृंखला में मैट ओलिव-ग्रीन और रोज-गोल्ड के चमकीले रंगों में एक नया वर्जन शामिल हो गया है जो ब्रांड के 'आर्ट ऑफ स्केलेटनैजेशन' थीम को विस्तारित करता है। समारोह के बारे में ऋतिक रोशन ने कहा, राडो के नए फेस्टिव सीजन कलेक्शन को लॉन्च करने के लिए जयपुर




में इसके सबसे नए मोनोब्रांड स्टोर में आकर मुझे बेहद खुशी हो रही है। मैं 12 वर्षों से अधिक समय से राडो टीम से जुड़ा हुआ हूँ और इन वर्षों में इस ब्रांड ने भारतीय बाजार के साथ जिस खूबसूरती से अनुकूलन किया है, वह मेरे लिए आश्चर्यजनक रहा है। यह ब्रांड वेडिंग्स से लेकर फेस्टिवल्स तक, भारतीय अवसरों के लिए लगातार लग्जरी वाच प्रदान करना प्रदान करता रहा है।

# जयपुर में एक लाख बुजुर्ग, घर पर वोटिंग पसंद नहीं

### 6328 बुजुर्ग वोटर्स ने होम वोटिंग का विकल्प चुना

**जयपुर. कासं**

पहली बार 80 साल या उससे ज्यादा उम्र और दिव्यांग (40 फीसदी से ज्यादा) को सुविधा देने के लिए होम वोटिंग का विकल्प दिया गया, लेकिन राजस्थान में इसके लिए 4 फीसदी वोटर्स भी तैयार नहीं हुए। जयपुर जिले की स्थिति देखे तो 19 विधानसभा क्षेत्रों में 902 दिव्यांग वोटर्स ने 12-डी फार्म भरकर होम वोटिंग की सुविधा लेने की इच्छा जताई है, जबकि 6328 बुजुर्ग वोटर्स ने होम वोटिंग का विकल्प चुना है। वोटिंग के लिए ध्यान रखने वाली बात ये है कि टीम निर्धारित समय में सिर्फ दो दिन ही आपके घर आएगी। अगर आप नहीं मिलते तो वोट निरस्त कर दिया जाएगा। जयपुर में बुजुर्ग वोटर्स की संख्या 1 लाख 1,775 है, जबकि दिव्यांग वोटर्स की संख्या 34 हजार 673 है। ऐसे में अब 4 से 21 नवंबर तक जो



वोट डाले जाएंगे, उसमें प्रदेशभर से कुल 64 हजार 700 ही मतदाता ऐसे है, जो घर बैठे वोट देंगे। ये इन कैटेगरी के कुल वोटर्स की संख्या का 3.75 फीसदी ही है। दरअसल, केन्द्रीय निर्वाचन आयोग ने वोटिंग प्रतिशत बढ़ाने और बुजुर्ग, दिव्यांगों की समस्या को देखते हुए पहली बार होम वोटिंग की सुविधा शुरू की थी। इसके लिए 20 अक्टूबर से 4 नवंबर तक घर-घर आवेदन बांटे थे। इस दौरान इन वोटर्स से 12-डी फार्म भरवाए गए। पूरे प्रदेश में 16 दिन के अंदर कुल 64 हजार 700 वोटर्स ने भी फार्म 12-डी भरकर अपने बीएलओ को दिए।

### 17.32 लाख है वोटर्स

निर्वाचन आयोग राजस्थान के मुताबिक पूरे प्रदेश में 80 प्लस और दिव्यांग वोटर्स की संख्या 17 लाख 32 हजार 391 के करीब है। इसमें 11 लाख 72 हजार वोटर्स बुजुर्ग है, जबकि 5 लाख 60 हजार 384 दिव्यांग।

### 14 से 21 नवंबर तक डाले जाएंगे वोट

सूची तैयार करने के बाद पोलिंग पार्टियां 14 से 21 नवंबर तक इन मतदाताओं के घर जाएंगी। वहां उनको बैलेट पेपर देकर वोट डलवाएगी। वोट डालने के बाद मौके पर ही बैलेट पेपर मतपेटी में डलवाया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियो ग्राफी करवाई जाएगी। वोट देने की प्रक्रिया दो चरण में होगी। पहले चरण में 14 से 19 नवंबर तक पोलिंग पार्टियां वोटरों के घर जाएगी। इस बीच कोई वोटर घर पर नहीं मिलता है तो उसके यहां दूसरा राउंड 20 से 21 नवंबर तक लगाया जाएगा।



# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर द्वारा केसरिया गरबा नाइट एवं इंडोर गेम्स का हुआ भव्य आयोजन

## प्रतिभागियों ने गेम्स में जीते अनेकों इनाम, डांडिया में जीते अनेक आकर्षक उपहार

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर द्वारा केसरिया गरबा नाइट एवं इंडोर गेम्स का हुआ भव्य आयोजन हुआ। रीजन अध्यक्ष राजेश - सीमा बड़जात्या ने बताया की दिनांक 5 नवंबर, रविवार को दोपहर 3 बजे से भट्टारक जी की नसियां जयपुर में दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राज. रीजन जयपुर द्वारा केसरिया डांडिया नाइट एवं इंडोर गेम्स का शानदार एतिहासिक आयोजन किया गया ।इस अवसर पर 3 बजे से 5 बजे तक इंडोर गेम्स के अंतर्गत शतरंज एवं कैरम प्रतियोगिता का विभिन्न आयु वर्ग में आयोजन हुआ ।सभी आयु वर्ग में विजेता को प्रथम व द्वितीय पुरष्कार से तथा सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरष्कार से सम्मानित किया गया। रीजन महासचिव निर्मल-सरला संघी ने बताया कि केसरिया गरबा का शुभारंभ भगवान वीर प्रभु के समक्ष प्रमुख समाज सेवी ज्ञानचंद झांझरी ने दीप प्रज्वलित करके किया। इस अवसर पर सुरेन्द्र मृदुला पांड्या, नवीन-शशि सेन जैन, यशकमल - संगीता अजमेरा, अतुल बिलाला, सुनील- सुमन बज, सुरेश-कनक जैन बांदीकुई की भी गोरवमय उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन नीरज जैन , सुनीता जैन ने किया इसके पश्चात संगिनी फॉरेवर ग्रुप की सदस्यों द्वारा शकुंतला बिंदायका के नेतृत्व में 51 दीपकों के साथ महाआरती की गई। इसके पश्चात सभी ने रंग बिरंगी गरबे के परिधानों में संगीत की स्वर लहरियों में डांडिया खेला । श्रीमती नेहा विजयवर्गीय, श्रीमती प्रियंका गोयल - डांडिया की निर्णायक गण थी, जिन्होंने प्रतिभागियों को विभिन्न श्रेणियों बेस्ट डांस मेल, फीमेल, किड्स, कपल तथा बेस्ट ड्रेस मेल, फीमेल, किड्स, कपल में शानदार निर्णय दिये। रीजन कोषाध्यक्ष पारस - मंजू जैन ने बताया की इस कार्यक्रम के संयोजक नीरज जैन, मनीष सोगानी , सुनील जैन, ममता शाह, सुशीला बड़जात्या, सुनीता गंगवाल, रमेश छाबड़ा, सुरेंद्र कुमार मोदी, एस के जैन, समता गोदिका थे। मोहन लाल गंगवाल, कैलाश बिंदाक्या, महेंद्र - मंजूलता छाबड़ा, प्रमिला - आलोक शाह, प्रमोद - सोनल सोनी, सतीश-मधु बाकलीवाल, शकुंतला-महावीर बिंदायका , राकेश-समता गोदिका का विशेष सहयोग रहा। कार्यक्रम में शानदार हाऊजी भी खिलाई गई। अंत में गरबा व इंडोर गेम्स के सभी विजेताओं, उप विजेताओं व गेम्स के सभी खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया गया। सभी ग्रुप विशेषकर नवकार, जयपुर मैन, गुलाबी नगर, आदिनाथ, जैन भारती, पार्श्वनाथ, डायमंड, पिंक पर्ल, संगिनी फार एवर, स्वस्तिक, वीर, सन्मति ग्रुप के सदस्यों की उपस्थिति से कार्यक्रम उच्चस्तर पर पहुच कर सफलता के साथ समाप्त हुआ। रीजन अध्यक्ष राजेश बड़जात्या ने अंत मे सभी का धन्यवाद व आभार ज्ञापित किया।





@...पेज 3 पर

# दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन जयपुर द्वारा केसरिया गरबा नाइट एवं इंडोर गेम्स का हुआ भव्य आयोजन










## वेद ज्ञान

# आत्मश्लाघा करने वाले होते हैं पराजित

आत्मश्लाघा को मुहावरे की भाषा में अपने मुंह मियां मिट्ठू बनना कहते हैं। अधिकांश लोग अपनी पीठ खुद ही थपथपाते दिखाई पड़ते हैं। कहीं किसी विशिष्ट कार्य की चर्चा हुई नहीं कि खुद को उससे विशिष्ट कार्य करते रहने की डींग हांकने लगते हैं। इन्हीं आदतों से वे लोगों के बीच मजाक के पात्र बनते हैं। दरअसल मनुष्य का अहं जब उसके सिर पर चढ़ जाता है तो वह जल्दी उतरता नहीं। वह जो नहीं है, वह दिखाना चाहता है। साथ ही बात-बात में यह भी लोगों के बीच जताता है कि वह बहुत चालाक और बुद्धिमान है। ऐसे लोग बात-बात में यह कहते दिख जाएंगे कि मैंने ऐसा दांव मारा, ऐसी चालाकी दिखाई, ऐसी तिकड़म भिड़ाई कि किसी की दाल नहीं गलने दी। इसके विपरीत श्रेष्ठ जन इस तरह की आदतों से बचते हैं। दिखाई तो पड़ते हैं बहुत सामान्य, लेकिन होते हैं विशिष्ट। जिसका नतीजा होता है कि जब वे कोई बड़ा कार्य कर जाते हैं, तब लोग दांतों तले अंगुली दबा लेते हैं। मनुष्य को चाहिए कि वह यत्र-तत्र-सर्वत्र मैं श्रेष्ठ हूं, बड़े से बड़ा कार्य मैं ही कर सकता हूं- सरीखी डींग नहीं हांके। थोड़ी देर के लिए मान लें कि डींग तो हांक दी, लेकिन कार्य नहीं कर सके तो उपहास के पात्र बनने के सिवाय और कोई रास्ता नहीं रह जाएगा। हर काल में अनेक ऐसे दृष्टांत मिल जाएंगे कि आत्मश्लाघा करने वाले पराजित होते रहे हैं, जबकि विनम्र महापुरुष जो भी काम शुरू किए उसमें सफल होते रहे। महात्मा गांधी, महामना मदनमोहन मालवीय जैसे महापुरुष अहंकार की भावना से कोसों दूर रहे। लिहाजा क्रूर ब्रिटिश शासकों को घुटने टेकने के लिए उस काल के महापुरुषों ने विवश कर दिया। सामान्य सा जीवन जीने वाले महामना मदनमोहन मालवीय ने इतना बड़ा विश्वविद्यालय स्थापित किया जो किसी अहंकारी व्यक्ति के लिए संभव नहीं था। मालवीय जी विश्वविद्यालय के लिए अपमानजनक स्थितियों का सामना करने के बावजूद विचलित नहीं हुए। सफलता विनम्र भाव से और एकजुट होकर कार्य करने से मिलती है। अहंकारी व्यक्ति खुद को बड़ा और कार्य को छोटा मान लेता है, जबकि किसी भी कार्य में सुविचारित योजना, टीम भाव होता है, तब लोगों का सहयोग और शुभकामनाएं मिलती हैं, जो किसी पूंजी से कम नहीं हैं।

## संपादकीय

# अपारदर्शी तरीके से धन जुटाने का प्रयास न करें

चुनावी चंदे के मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने सुनवाई पूरी कर फैसला सुरक्षित रख लिया है। अदालत ने निर्वाचन आयोग को निर्देश दिया कि वह बीते सितंबर महीने तक राजनीतिक दलों को मिले कुल चंदे का ब्योरा पेश करे। हालांकि इस पर निर्वाचन आयोग का रुख कुछ टालमटोल का रहा, मगर अदालत ने इसे लेकर सख्ती दिखाई। फैसला यह ब्योरा उपलब्ध होने के बाद ही आएगा। हालांकि पूरी सुनवाई के दौरान सर्वोच्च न्यायालय की पांच जजों की पीठ ने सरकार से जिस तरह के सवाल किए और सरकार की तरफ से उनके जो जवाब आए, उससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि चुनावी चंदे के मामले में जानबूझ कर पारदर्शिता बाधित की गई। सर्वोच्च न्यायालय ने समानता का अधिकार कानून की नजर से इस मामले पर सुनवाई की। शुरू में सरकार ने तर्क दिया कि चुनावी चंदे के बारे में मतदाता को जानने का कोई अधिकार नहीं है। मगर इस सवाल के आगे यह तर्क देर तक ठहर नहीं पाया कि मतदाता



कंपनियों का शेयरधारक भी हो सकता है और उसे यह जानने का पूरा अधिकार है कि उसके निवेश का लाभांश कंपनी किस राजनीतिक दल को दे रही है। ऐसे ही अदालत के लगभग सभी सवाल सरकार को असहज करने वाले थे। दरअसल, चुनावी चंदे से संबंधित कानून को बदल कर बांड का प्रावधान किया गया, तभी आशंका जाहिर की गई थी कि इससे राजनीतिक चंदे में अपारदर्शिता आएगी और कारपोरेट घराने इसके जरिए अपने हित साधने का प्रयास करेंगे। वह बात जल्दी ही साबित भी हो गई। दरअसल, नए कानून के बाद राजनीतिक चंदे की करीब नब्बे फीसद राशि सत्ताधारी दल को मिलती रही है। इस तरह चंदे के मामले में राजनीतिक दलों के बीच असमानता देखी गई। चुनावी शुचिता के पक्षधर सदा से कहते रहे हैं कि राजनीतिक दलों पर कारपोरेट घरानों या कंपनियों से चुनावी चंदा लेने की रोक होनी चाहिए, क्योंकि इस तरह चंदा देकर कारोबारी सत्तापक्ष पर अपने लाभ के लिए फैसले कराने का दबाव बना सकते हैं। काफी समय तक ऐसे चंदे पर रोक रही। फिर नियम बना कि कंपनियां अपने सकल लाभ का पांच फीसद चुनावी चंदे के रूप में दान दे सकती हैं। इस सीमा को बाद में बढ़ा कर साढ़े सात फीसद कर दिया गया था। मगर जब बांड के रूप में चंदा लेने का कानून बना तो यह सीमा हटा दी गई और नियम बन गया कि कोई भी जितना चाहे, चंदा दे सकता है। जरूरी नहीं कि कंपनी फायदे में ही चल रही हो। यहां तक कि अगर किसी विदेशी कंपनी की शाखा भारत में है, तो वह भी चंदा दे सकती है। चंदा देने वाले की पहचान उजागर नहीं की जा सकती। इस कानून के पीछे सरकार का तर्क था कि इससे काले धन को सफेद करने का चलन बंद होगा। मगर जिस तरह कुल चंदे का बड़ा हिस्सा केवल सत्ताधारी दलों को मिलता देखा गया है, उससे यह अंदेशा गहरा हुआ है कि कंपनियों ने सरकारों से किसी न किसी लाभ की इच्छा से ऐसा किया होगा। बहरहाल, सर्वोच्च न्यायालय ने स्पष्ट कर दिया है कि चुनावी चंदे में पारदर्शिता जरूरी है और मतदाता को यह जानने का पूरा हक होना चाहिए कि किसी पार्टी को चंदा कहां से मिल रहा है और वह उसका उपयोग किस रूप में कर रही है। **-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# ईडी और विवाद...

प्रवर्तन निदेशालय के फरमान पर अरविंद केजरीवाल के हाजिर न होने को लेकर स्वाभाविक ही सवाल उठने शुरू हो गए हैं। प्रवर्तन निदेशालय ने शराब घोटाला मामले में पूछताछ के लिए गुरुवार को उन्हें बुलाया था। मगर वहां जाने के बजाय एक पत्र लिख कर उन्होंने पूछा कि उन्हें किस हैसियत से बुलाया गया है। पत्र में न तो उन पर कोई आरोप स्पष्ट है और न यह बताया गया है कि उन्हें व्यक्तिगत तौर पर तलब किया गया है, मुख्यमंत्री के तौर पर या गवाह के रूप में। केजरीवाल ने प्रवर्तन निदेशालय के फरमान को राजनीति से प्रेरित और गैरकानून करार दे दिया। पूछा जा रहा है कि अब प्रवर्तन निदेशालय उनके खिलाफ क्या कार्रवाई कर सकता है। दरअसल, जैसे ही प्रवर्तन निदेशालय ने अरविंद केजरीवाल को नोटिस भेजा, वैसे ही तरह-तरह के कयास लगाए जाने लगे थे। भाजपा के नेता दावे करने लगे थे कि अब केजरीवाल भी गिरफ्तार होंगे। उधर आम आदमी पार्टी के नेता भी ऐसी ही आशंकाएं व्यक्त करने लगे थे। इसे लेकर सदा की तरह आम आदमी पार्टी केंद्र सरकार पर हमले करती रही। मगर इन सब सियासी पैंतरों और बयानबाजियों के बीच यह सवाल अपनी जगह बना हुआ है कि भ्रष्टाचार के विरुद्ध लड़ने और खुद को कट्टर ईमानदार पार्टी बताने वाली आम आदमी पार्टी के संयोजक ने इस जांच से खुद को दूर रखने का फैसला क्यों किया। इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि प्रवर्तन निदेशालय के कामकाज के तरीके को लेकर लंबे समय से सवाल उठते रहे हैं। इस पर सर्वोच्च न्यायालय भी कड़े शब्दों में उसके अधिकार क्षेत्र को रेखांकित कर चुका है। निदेशालय के ज्यादातर छापे और गिरफ्तारियां या पूछताछ की कार्रवाइयां विपक्षी नेताओं के खिलाफ ही हुई हैं, इसलिए भी उसकी मंशा पर सवाल गहरे हुए हैं। मगर इसका मतलब यह नहीं कि खुद को ईमानदार बताने वाले केजरीवाल भी उन्हीं आरोपों की आड़ में पूछताछ से बचने का प्रयास करें। उनसे लोगों की स्वाभाविक उम्मीद थी कि वे प्रवर्तन निदेशालय के सामने अपना पक्ष रखेंगे और बेदाग बाहर निकलेंगे। मगर ऐसा न करके वे कई उलझे सवाल छोड़ गए हैं। कानूनी कार्रवाइयों को कानूनी दांव-पेंच से ही निपटाया जा सकता है, उसमें सियासत ले आना ठीक नहीं कहा जा सकता। यों वे पहले मुख्यमंत्री नहीं हैं, जिन्होंने प्रवर्तन निदेशालय के फरमान की अवहेलना करते हुए पूछताछ में सहयोग न करने का फैसला किया है। झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को प्रवर्तन निदेशालय पांच बार नोटिस भेज चुका है, मगर वे पूछताछ के लिए हाजिर नहीं हुए हैं। हालांकि इस आशंका को सिरे से खारिज नहीं किया जा सकता कि अगर अरविंद केजरीवाल प्रवर्तन निदेशालय जाते, तो उन्हें भी गिरफ्तार किया जा सकता था। पहले ही उनके दो बड़े नेताओं- उपमुख्यमंत्री रहते मनीष सिसोदिया को और राज्यसभा सांसद संजय सिंह को इसी मामले में सलाखों के पीछे भेजा जा चुका है। पिछले दिनों जिस तरह कहा गया कि शराब घोटाले में अगर लाभ पूरी पार्टी को मिला है, तो पूरी पार्टी को आरोपी बनाया जाना चाहिए। उससे भी साफ हो गया था कि इस मामले में प्रवर्तन निदेशालय आम आदमी पार्टी के किसी भी नेता को पूछताछ के लिए बुला और फिर गिरफ्तार कर सकती है।

# संस्कारित जीवन का महत्व

**डॉ. नरेंद्र जैन भारती सनावद (म. प्र.)**



मानव जीवन में संस्कारों का महत्व है। संस्कारित जीवन ही मूल्यवान होता है। यह संस्कार मानव को धर्म धारण और पालन करने से मिलते हैं। पशुओं के लिए ज्ञान, ध्यान और तपस्या के साधन नहीं मिलते इसीलिए वह भोजन में मस्त रहकर जीवन व्यतीत कर देते हैं। मनुष्य के पास बुद्धि और ज्ञानबल है जिसके कारण वह जो उत्तम कार्य करता है उससे उसकी श्रेष्ठता सिद्ध होती है। दुनिया में मानव जीवन को उत्कृष्ट और अच्छा इसलिए कहा जाता है क्यों कि मानव अपनी काया का उपयोग संयम और तप साधना में लगाकर आत्मा का कल्याण कर सकता है यदि वह ऐसा नहीं करता है तो उसका जीवन व्यर्थ चला जाता है। मानव के संकल्प विकल्पों के कारण इस जीव ने 84 लाख योनियों में परिभ्रमण कर जन्म धारण किया तथा मृत्यु धारण की लेकिन उसे सच्चा रास्ता नहीं मिला। मनुष्य भव में जन्म लेकर जिसे जिनवाणी के ज्ञान का सुयोग मिला उसे ही आत्म कल्याण का अवसर मिला। अतः व्यक्ति को दृढ़ निश्चय, संकल्प और मनोबल बढ़ाकर, धर्म मार्ग में लगाकर, वैराग्यमयी प्रवृत्ति बनाकर मनुष्य जन्म को सार्थक करना चाहिए। ऐसे संस्कारों का बीजरोपण करना चाहिए जो आत्म कल्याण में सहायक बनें। इंद्रियों और मन को वश में करके व्यक्ति इच्छित लक्ष्य को प्राप्त कर सकता है। राग द्वेष की निवृत्ति कर सकता है शुभ और अशुभ कर्मों का क्षय कर मोक्ष प्राप्त कर सकता है यदि जीवन धर्म में बना रहेगा तभी कालांतर में स्वर्ग और मोक्ष की कल्पना कर सकते हैं। असंयमित और अमर्यादित आचरण व्यक्ति को पतन की ओर ले जाता है इसलिए व्यक्ति को अंडा, मांस, मछली मद्य और मधु का सेवन नहीं करना चाहिए। रात्रि भोजन, पानी छानकर पीना तथा असेव्यनीय पदार्थ का त्याग कर हम पापाचरण से बच सकते हैं। मनुष्य ऐसा करने में समर्थ है इसीलिए तो मानव जीवन को श्रेष्ठ जीवन कहा जाता है। अतः मानव को संस्कारित रहना चाहिए।

# जैन सोशल ग्रुप सेंट्रल संस्था द्वारा आज 7 नवंबर को विशाल रक्तदान शिविर का होगा आयोजन

## कैम्प में लगभग 3000 यूनिट ब्लड एकत्रित करने का लक्ष्य




**जयपुर. शाबाश इंडिया।** मानव जीवन की रक्षा के लिए रक्त की विशिष्ट महत्ता है। जैन सोशल ग्रुप सेंट्रल संस्था विगत10 वर्षों से प्रति वर्ष विशाल मेगा ब्लड डोनेशन कैम्प मणिपाल यूनिवर्सिटी में एचडीएफसी बैंक के संयुक्त तत्वाव धान में आयोजित करती आ रही है। इस कैम्प में राजस्थान के 20 से अधिक ब्लड बैंक सम्मिलित होते आ रहे हैं। मणिपाल यूनिवर्सिटी के सहयोग से यूनिवर्सिटी के परिसर में ही यह ब्लड डोनेशन कैंप लगाया जाता है। सेंट्रल संस्था अध्यक्ष संजय सिंह - सुनीता बैद तथा संस्थापक अध्यक्ष कमल - सरोज सचेती के अनुसार कैम्प में लगभग 3000 यूनिट ब्लड एकत्रित होने का अनुमान है। ब्लड डोनेशन मणिपाल यूनिवर्सिटी के छात्र-छात्राओं द्वारा तथा तथा कैम्प में शामिल होने वाली संस्थाओं के सदस्यों द्वारा किया जाता है। कैम्प में ब्लड डोनेशन करने वाले छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति पत्र तथा स्मृति चिन्ह देकर प्रोत्साहित किया जाता है। सचिव गुंजन - सुधा छाजेड़ एवम उपाध्यक्ष सुरेश कुमार-मीनू जैन ने बताया कि विशाल ब्लड डोनेशन कैंप मंगलवार दिनांक 07/11/2023 को प्रातः 9:00 बजे से 5:00 बजे तक एवम मणिपाल यूनिवर्सिटी में लगाया जा रहा है इस कैंप में लगभग 3000 यूनिट ब्लड एकत्रित किया जाने का अनुमान है, यह किसी भी संस्था द्वारा एक दिन में किया जाने वाला बहुत बड़ा अचीवमेंट है। हम सभी के लिए इस गौरवमई पल का साक्षी बनने एवं सहयोग करने का यह स्वर्णिम अवसर है। आप सभी से अनुरोध है कृपया अधिक से अधिक संख्या में ब्लड डोनेशन कैंप में पधार कर सहयोग करें। जो भी रक्त दान कर इस कैंप में भागीदारी करना चाहते हैं वह सचिव गुंजन छाजेड़ (मोबाइल नंबर 9468590308) से संपर्क कर सकते हैं।

# ब्लॉक स्तरीय टीचर संगोष्ठी का आयोजन




**कुई इंदा. शाबाश इंडिया।** भारती फाउंडेशन एवं शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वाधान में ब्लॉक स्तरीय टीचर संगोष्ठी राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुई इंदा में संपन्न हुई। इस संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य था कि राजकीय विद्यालयों में जो भी उत्कृष्ट गतिविधियां शिक्षकों के माध्यम से हो रही हैं, उससे जुड़ी रिसर्च करके शिक्षकगण सभी शिक्षकों के लिए वह डाटा प्रस्तुत कर सकें और इसका निष्कर्ष भी सभी शिक्षकों के लिए आगे काम आ सके। आज की इस गतिविधि में 7 शिक्षकों द्वारा रिसर्च टॉपिक एवं उससे जुड़ी तथ्यों पर मंथन किया गया। भारती फाउंडेशन प्रतिनिधि पुनीत भटनागर ने बताया कि रिसर्चओं से जुड़ी हुई सभी गतिविधियों को विस्तृत रूप से समझने के लिए भारती फाउंडेशन के ट्रेनर मोहित जी एवं गुड़गांव हेड ऑफिस से शशि प्रकाश जी ने सभी तथ्यों पर प्रकाश डाला।

# शीतल तीर्थ के पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव की बैठक संपन्न




**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**

इंदौर। रतलाम में निर्मित दिगंबर जैन शीतल तीर्थ के दिनांक 22 से 28 फरवरी तक आचार्य श्री विशुद्ध सागर जी महाराज के ससंघ सानिध्य में होने वाले पंचकल्याणक प्रतिष्ठा और महा मस्तकाभिषेक की तैयारियों के संबंध में महोत्सव समिति की एक वृहद बैठक एमजी रोड स्थित प्रीतम लाल दुआ सभागृह में समिति के राष्ट्रीय अध्यक्ष कमल ठोलिया (चेन्नई) की अध्यक्षता में संपन्न हुई। मीडिया प्रभारी राजेश जैन दद्दू ने बताया कि बैठक को संबोधित करते हुए तीर्थ की अधिष्ठात्री सविता दीदी ने बताया कि शीतल तीर्थ निर्माण की परिकल्पना आचार्य श्री योगींद्र सागर जी महाराज की है और उन्हीं की प्रेरणा एवं आशीर्वाद से उनके ही निर्देशन में तीर्थ का निर्माण वर्ष 2009 में प्रारंभ हुआ था, लेकिन दुर्भाग्य से वर्ष 2012 में आचार्य श्री समाधिस्थ हो गए। आपने कहा कि आचार्य श्री की भावना अनुसार ही शीतल तीर्थ संत सेवा, मानव सेवा, जीव दया को समर्पित रहेगा।

# जबलपुर में साहित्यिक संस्था कादम्बरी द्वारा साहित्यकार डा.अखिल बंसल सम्मानित



**जबलपुर. शाबाश इंडिया**

अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कादंबरी का अखिल भारतीय साहित्यकार - पत्रकार अलंकरण 2023 सम्मान समारोह का भव्य आयोजन जबलपुर के शहीद स्मारक भवन में महामंडलेश्वर स्वामी अखिलेश्वरानंद गिरि एवं पीठाधीश्वर मां साध्वी विभानंद गिरी के सान्निध्य में 4 नवंबर को संपन्न हुआ । समारोह के मुख्य अतिथि अटल बिहारी बाजपेयी विश्वविद्यालय बिलासपुर के कुलपति डॉक्टर एडीएन बाजपेयी थे। समारोह की अध्यक्षता डॉक्टर कैलाश गुप्ता द्वारा की गई । इस समारोह में कादंबरी अध्यक्ष आचार्य भगवत दुबे, कार्यकारी अध्यक्ष डॉ राजकुमार सुमित्रा, श्याम प्रकाश देवपुरा, डॉक्टर विनय पाठक, डॉ पी. पी. पिंजरकर आदि अनेक साहित्यकार उपस्थित थे। समारोह में 108 विभिन्न साहित्यकार व पत्रकारों के साथ जयपुर के वरिष्ठ पत्रकार व साहित्यकार डॉ अखिल बंसल को उनकी महत्वपूर्ण कृति चंदेरी दर्शन के लिए स्वर्गीय आशुतोष तिवारी सम्मान से अलंकृत किया गया। अतिथियों द्वारा उनका माल्यार्पण कर शाल उडाते हुए सम्मान पत्र के साथ शाल श्रीफल व नकद राशि प्रदान की गई। कार्यक्रम का संचालन कादंबरी के महामंत्री राजेश पाठक प्रवीण द्वारा किया गया। समारोह में उपस्थित साहित्यकार डा. ब्रह्मानंद तिवारी 'अवधूत'- मैनपुरी, शिव डोयले- विदिशा, धीरेन्द्र गहलोत 'धीर'- ड़बरा,सतीश शाकुंतल - गुना, भाऊराव महंत- बालाघाट, डा.संध्या जैन 'श्रुति'-जबलपुर, प्रभा विश्वकर्मा ??शीलऱ-जबलपुर, डा.रीना सिन्हा 'अनामिका'- मुम्बई, डा.मीना जैन-उदयपुर, गोपाल शर्मा 'प्रभाकर'-जयपुर, मिलाप चंद डण्डिया -जयपुर, डा.भारती कौशिक ऋषिकेश, शोभा टण्डन -उदयपुर,राजेन्द्र जैन 'रतन'-जबलपुर, राकेश गोदिका संपादक शाबाश इंडिया आदि ने अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए बधाई दी।

# पूर्वोत्तर बंधु मंच ने मनाया दीपावली स्नेह मिलन समारोह



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** पूर्वोत्तर बंधु मंच का दीपावली पूर्व स्नेह मिलन कार्यक्रम रविवार सायंकाल जयपुर क्लब के लोन में मनाया गया। मंच के अध्यक्ष सुभाष पाटनी ने बताया कि गणेश वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरूआत की गई। कार्यक्रम में पधारे हुए सभी सदस्यों का एक दूसरे से परिचय कराया गया। इस अवसर पर उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि यह मंच पूर्वोत्तर से आए सभी सदस्यों को एक दूसरे से जोड़ने के लिए बनाया गया है। मंच के महासचिव राजेश शर्मा ने बताया सुरीले गीतों से शाम की महफिल को सजाया गया ।मंच के सदस्यों ने अनेक फिल्मी गानों पर अपनी प्रस्तुति दी ।इसके बाद में कमेटी के सदस्य मनीष जालान के सानिध्य में हाऊजी का प्रोग्राम किया गया जिसमें सभी सदस्यों ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रोग्राम में पधारे प्रमुख समाजसेवी भामाशाह एवं विद्याधर नगर विधानसभा के कांग्रेस के प्रत्याशी सीताराम अग्रवाल का मंच की ओर से स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सीताराम अग्रवाल ने पूर्वोत्तर बंधु मंच के सभी सदस्यों का आभार प्रकट किया एवं दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर वीरेंद्र केड़िया, सुरेश अग्रवाल, नरेश जैन मेड़ता, दीपक सेठी, अशोक रावंका, शिवकुमार गोयल, डॉ अनूप अग्रवाल ने अपने विचार रखें । कार्यक्रम के अंत में अध्यक्ष सुभाष पाटनी ने हाऊजी के विजेताओं को इनाम वितरित किया एवं पधारे हुए सभी सदस्यों का आभार जताया। कार्यक्रम में विमल जसरासरिया, कैलाशचदं अग्रवाल, नंदकिशोर राठी, दीपक जालान, मनीष चिमडीय़ा, लोकेश अग्रवाल, मनीष अग्रवाल, कार्यकारीणी टीम एवं पूर्वोत्तर प्रवासी बंधु गण उपस्थित थे।

# एलुमनाई मीट में जुटे देश-प्रदेश के इंजीनियर्स

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** माणक्या लाल वर्मा टेक्सटाइल एवं इंजीनियरिंग कॉलेज के जयपुर चैप्टर की एलुमनाई मीट सफलतापूर्ण आयोजित हुई इसमें देश भर से तकरीबन 150 एलुमनाई ने शिरकत कीक इस मौके पर लोगों ने अपने सीनियर्स व दोस्तों से मिलकर यादें ताजा की और आनंद लियाककार्यक्रम के प्रारंभ में वरिष्ठ होस्ट एलुमनाई अक्षय ठोलिया ने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए एलुमनाई मीट की जरुरत से अवगत कराया। गेम्स, डांस और मस्ती भरे इस माहौल में सभी ने अपने अध्ययन के दिनों की बातचीत की एवं सफलता की कहानियों को साझा किया। कार्यक्रम के अंत में 1998 बैच के वरिष्ठ एलुमनाई सचिन सोगानी ने नए प्रेसिडेंट गुंजन कटारिया एवं सेक्रेटरी खगेन्द्र सिंह गुर्जर के नाम की घोषणा की तथा उनका मल्यार्पण कर नए पद को संभालने के लिए शपथ दिलाई गई। इस मौके पर एलुमनाई शैलेन्द्र शर्मा ( IRS ), देवेंद्र धारीवाल ( आंत्रेप्रेनुएर -Setu ) एवंम संजय अग्रवाल ( आंत्रेप्रेनुएर-संजय टेक्सटाइल्स ), राजकुमार खंडेलवाल मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन विवेक शर्मा ने किया।



# पंचकल्याणक महामहोत्सव की वेदिका का हुआ शिलान्यास, पात्रों का हुआ चयन

मनीष विद्यार्थी. शाबाश इंडिया




**शाहगढ़।** नगर में बन रहे सादपुर वालों का सातवां जिनालय का पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव 10 दिसंबर से 15 दिसंबर तक आयोजित होगा। जिसके वेदिका शिलान्यास एवं पंचकल्याणक प्रतिष्ठा महोत्सव के प्रमुख पात्रों का चयन बी एस जैन कंपाउंड में किया गया। परम पूज्य आचार्य श्री विराग सागर जी महाराज के परम प्रभाकर शिष्य उपाध्याय श्री विरंजन सागर जी महाराज के मंगल सान्निध्य में पं. मनोज शास्त्री बागरोही के निर्देशन में विधि विधान पूर्वक संपन्न हुआ। जिसमें महोत्सव के महत्वपूर्ण पात्रों में माता -पिता बनने का सौभाग्य सुरेश जैन, सौधर्म इंद्र पूनम संतोष जैन सातपुर वाले सागर ,धनपति कुबेर कुंदन लाल भूपेंद्र सादपुर, महायज्ञ नायक दामोदर हर्ष सेठ, यज्ञ नायक महेश सादपुर, भरत चक्रवर्ती दीपचंद खुटकुवा, बाहुबली दिनेश जैन सादपुर, ईशान इंद्र सौरभ संदीप सेठ, सनत इंद्र दयाचंद सुरेश सादपुर, महेंद्र भागचंद सुधीर संदीप सेठ,पात्रों का चयन किए गये। परम पूज्य जनसंत उपाध्याय श्री विरंजन सागर महाराज ने पंचकल्याणक की महिमा बताते हुए कहा कि पाषाण से भगवान बनाने की मांगलिक क्रिया में जहां अपूर्व धर्म की प्रभावना होती है। वहीं प्रमुख पात्र बनकर धर्मात्मा असीम पुण्य का संचय करते हैं। व्यक्ति का जन्म एक मां की कोख से दूसरा जिनवाणी मां से होता है, पंचकल्याणक में पासाण से भगवान नहीं एक इंसान को भगवान बनाने की क्रियाओं से गुजरना पड़ता है, भगवान के गर्भ में आने के 6 माह पहले से ही रत्नों की वर्षा होने लगती है इसी तरह शाहगढ़ में होने जा रहे पंच कल्याणक महोत्सव के 6 माह पहले से ही सादपुर मंदिर कमेटी द्वारा पंच कल्याणक महोत्सव की भूमिका बनाई जाने लगी थी जहां पर भगवान के पंच कल्याणक की क्रियाएं होना है आज उस वेदिका का शिलान्यास हुआ , इस भूमि का पुण्य का उदय है यहां पर भगवान के पांच कल्याणक होने जा रहे हैं, पुण्यआत्मा जीव जिनेंद्र भगवान के पंच कल्याणक महोत्सव को देखकर उत्साहित होता है, सौधर्म इंद्र एक बार में 170 पंच कल्याणक करवाता है, धर्मसभा में चयनित पात्रों का सकल दिगंबर जैन समाज ने सम्मान करते हुए पुण्य की अनुमोदना की। बीएस कालोनी में रखी गई होने वाले पंच कल्याणक महोत्सव की वेदिका की मुख्य आधार शिला गुलाब संधेलिया हीरापुर वालों द्वारा रखी गईकी । जैन समाज की ओर से सामूहिक वार्षिक वात्सल्य भोज का आयोजन किया गया। जिसमें बड़ी संख्या महिलाएं पुरुष बच्चे उपस्थित रहे।

### आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी ने कहा...

## आज की आधुनिक अंधादौड में बच्चे संस्कार व संस्कृति को भूलते जा रहे हैं



**गुंसी, निवाई. शाबाश इंडिया।** प. पू. भारत गौरव श्रमणी गणिनी आर्यिका रत्न 105 विज्ञाश्री माताजी श्री दिगम्बर जैन सहस्त्रकूट विज्ञातीर्थ गुन्सी में विराजमान है । माताजी के मुखारविंद से अभिषेक शांतिधारा करने श्रावकगण क्षेत्र पर पहुंच रहे हैं। अभिषेक शांतिधारा के पश्चात पूज्य माताजी के मंगल उद्बोधन हुये जिसमें माताजी ने वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुए बच्चों को संस्कारित करने की ओर प्रेरित किया। माताजी ने कहा कि आज की आधुनिक अंधादौड में बच्चे संस्कार व संस्कृति को भूलते जा रहे हैं। उनमें धर्म का अंश कही भी दिखाई नहीं देता। पुराने समय में बच्चा यदि रोता था तो माता - पिता उन्हें णमोकार सुनाते थे और बच्चा रोये नहीं इसलिए मां - बाप उन्हें मोबाइल पकडा देते हैं। माताजी ने अपने बचपन के उदाहरण के माध्यम से समझाया पहले हम मंदिर नहीं जाते थे तो मां देवदर्शन के बिना खाना नहीं देती थी और आज बच्चे बिना मंदिर जाये तो क्या बिना नहाये खाना - पीना करने लगे हैं। बच्चों को लौकिक शिक्षा तो आप विदेशों की दिलवा ही रहे हैं साथ में संस्कार भी विदेशों के ही दे रहे हैं। बच्चों को हम जैसे संस्कार देंगे वैसे ही वो ग्रहण करेंगे। लेकिन उसके पहले जरुरत है हमें सबसे पहले स्वयं को बदलना पडेगा जैसे हम संस्कारित रहेंगे वैसे ही बच्चों पर प्रभाव पड़ेगा। अतः हम बच्चों के सामने लडे - झगड़े नहीं , नित्य देवदर्शन व श्रावकों के नियमों का पालन करें । मोबाइल से दूर रखें तथा उन्हें धर्म का महत्व बताये जिससे वे धर्म की रक्षा करना भी अपना कर्तव्य समझे। शिक्षा तो वे कही से भी प्राप्त कर लेंगे पर संस्कार उन्हें माता - पिता, गुरू, परिजनों से ही मिलेंगे। इसलिए इन सभी बात पर पुनः विचार कर इसके सुधार का प्रयास करें।



# धर्म जागृति संस्थान की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का हुआ शपथ ग्रहण समारोह

## पूज्य आचार्य श्री वसुनंदी महाराज ने दिया मंगल आशीर्वाद

**फरीदाबाद**



देव शास्त्र गुरु की सेवा में समर्पित धर्म जागृति संस्थान जो किसी संतवाद, पंथवाद व नामवाद में न उलझ कर 'धर्म बचाओ धर्म सिखाओ' सिद्धांत के साथ आगे बढ़ रही है। जिसकी संपूर्ण भारत में सोलह प्रान्तों में शाखाएं कार्य कर रही हैं। ऐसी संस्थान की नवीन राष्ट्रीय कार्यकारिणी को आशीर्वाद देते हुए सभी पदाधिकारीयों और सदस्यों से देव शास्त्र गुरु के प्रति निश्वार्थ भाव से कार्य करने की अपेक्षा रखता हूँ उक्त उदगार परम पूज्य आचार्य श्री वसुनंदी महाराज ने आदिधाम लाल मन्दिर डबुआ कालोनी फरीदाबाद में आयोजित पिच्छिका परिवर्तन समारोह में व्यक्त किये। कार्यक्रम संयोजक हिमांशु जैन कामां वाले एवं वषायोग समिति के अध्यक्ष राहुल जैन ने अवगत कराया की चातुर्मास के अंतर्गत भव्य पिच्छिका परिवर्तन समारोह का आयोजन आदि धाम लाल मंदिर के प्रांगण में किया गया। इस अवसर पर धर्म जागृति संस्थान की नवीन राष्ट्रीय कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह भी संपन्न हुआ। शपथ ग्रहण समारोह में योगेश जैन मेरठ अध्यक्ष, नीरज जैन जिनवाणी चैनल आगरा कार्यवाहक अध्यक्ष, डॉ नीरज जैन दिल्ली चेयरमैन, निकुंज जैन दिल्ली एवं विनोद जैन मिलेनियम फिरोजाबाद संरक्षक, रमेश चंद गर्ग बोलखेड़ा संयोजक, इंजीनियर भूपेंद्र जैन महामंत्री, संजीव जैन मंत्री, राजकमल जैन सरावगी कोषाध्यक्ष, संजय जैन बड़जात्या कामां प्रचार मंत्री, संजय जैन सीए संगठन मंत्री के साथ साथ राहुल जैन ,राकेश जैन पलवल, अनिल जैन पूर्व आई पी एस, मनोज जैन शास्त्री,सुरेश जैन गौतमनगर आदि ने पद व गोपनीयता की शपथ ग्रहण की। इस अवसर पर वर्षा योग समिति द्वारा नवीन पदाधिकारीयों का सम्मान भी किया गया तो वहीं पूर्व अध्यक्ष डॉ नीरज जैन ने कहा कि जो भी धर्म जागृति संस्थान से जुड़कर अपनी सेवाएं देना चाहते हैं वह सादर आमंत्रित हैं संस्थान के नवीन महामंत्री इंजीनियर भूपेंद्र जैन ने गुरुदेव के प्रति कृतज्ञता प्रकट करते हुए आभार प्रकट किया और युवाओं से अत्यधिक संख्या में धर्म जागृति संस्थान से जुड़ने का आह्वान किया।

**रिपोर्ट : संजय जैन बड़जात्या कामां**








## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर '**शाबाश इंडिया**' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतू का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

**सम्पादकः राकेश जैन गोदिका**
**@ 94140 78380, 92140 78380**

**दैनिक ई-पेपर**
**शाबाश इंडिया**
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# विजयवर्गीय महासभा केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

## प्री वेडिंग शूट बंद करेगा विजयवर्गीय समाज, पूरे देश में एप से होगी जातीय जनगणना, संपूर्ण देश के 13 प्रदेश की 42 जगह से आए पदाधिकारी

**कोटा. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतीय विजयवर्गीय वैश्य महासभा की केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक मौसन ध्रुव कैंपस रानपुर कोटा में आयोजित हुई। महासभा के संयोजक चौथमल विजय और महामंत्री रामबाबू विजय ने बताया कि केंद्रीय कार्यकारिणी की मीटिंग राष्ट्रीय अध्यक्ष एडवोकेट रविंद्र विजयवर्गीय की अध्यक्षता में संपन्न हुई जिसमें पूरे भारतवर्ष से उत्तरांचल प्रदेश दक्षिणांचल प्रदेश पश्चिमांचल प्रदेश पूर्वांचल प्रदेश मध्य प्रदेश अजयमेरु प्रदेश टोंक प्रदेश जयपुर प्रदेश जोधपुर प्रदेश अलवर



प्रदेश मेवाड़ प्रदेश बीकानेर प्रदेश और आयोजक हाडोती प्रदेश सहित कुल 42 जगह से सभी 13 प्रदेशों से लगभग 450 केंद्रीय पदाधिकारीयो ने भाग लिया। महासभा मीटिंग के संयोजक द्वारका प्रसाद विजयवर्गीय ने कहा कि मीटिंग के पहले सत्र में विभिन्न प्रस्ताव पर चर्चा की गई और राष्ट्रीय अध्यक्ष ने सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित किए जिसमें प्रमुख रूप से समाज में राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव वह व्यक्ति लड़ेगा जिसके परिवार में अभी तक कोई गैर वैश्य अंतरजातीय विवाह नहीं हुआ हो दूसरा 18 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के सभी समाज के सदस्य राष्ट्रीय अध्यक्ष के लिए मतदान के पात्र होंगे अभी तक परिवार का मुखिया या पांच सदस्यों पर एक व्यक्ति को मतदान का अधिकार था तीसरा इलेक्ट्रॉनिक ऐप के द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर जातीय जनगणना शीघ्र संपन्न करवाई जाएगी। विजयवर्गीय समाज में प्री वेडिंग शूट को पूर्णतया बंद किया जाएगा और समाज में मृत्यु भोज पर भी पूरे देश में पाबंदी लगाई जाएगी युवा संयोजक उमेश विजय के संयोजन में एक युवा समिति का गठन किया गया है जो हर माह समाज के बेरोजगार युवाओं के लिए मीटिंग करके उन्हें रोजगार के अवसर के बारे में जानकारी दी जाएगी साथ ही करियर काउंसलिंग के लिए भी ऑनलाइन मीटिंग हर माह आयोजित की जाएगी। महिला विंग प्रमुख की कमेटी भी हर महीने महिलाओं की ऑनलाइन या किसी प्रदेश में मीटिंग लेकर राज्य सरकारों और केंद्र सरकारों की योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी देगी तथा उनके स्वरोजगार के साधन उपलब्ध कराए जाएंगे।

# राष्ट्र भक्त दल से सांगानेर विधानसभा क्षेत्र से डॉ विष्णु गुप्ता ने भरा नामांकन, उमड़ी समर्थकों को भीड़



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

राजस्थान में विधानसभा चुनाव में नामांकन का अंतिम दौर समाप्त हुआ। इस दौरान राजधानी जयपुर शहर के सांगानेर विधानसभा क्षेत्र डॉ विष्णु गुप्ता ने नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन पत्र दाखिल कर अपनी उम्मीदवारी पेश की। इससे पूर्व डॉ विष्णु गुप्ता ने प्रताप नगर स्थित उर्मिल हॉस्पिटल से भव्य शक्ति का प्रदर्शन कर रैली निकाली और समर्थकों की भीड़ जुटाकर बताया की वह क्यों अपनी दावेदारी जता रहे है। सोमवार को नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन नामांकन दाखिल करने से पूर्व डॉ विष्णु गुप्ता करीबन 7 किमी की लंबी रैली निकाली जिसमें एक हजार से अधिक समर्थक शामिल हुए। इस दौरान जगह - जगह समर्थकों ने तिलक लगा और माला पहनाकर कर स्वागत किया। इस दौरान प्रताप नगर अग्रवाल समाज समिति महामंत्री सहित टोंक रोड अग्रवाल समाज समिति प्रचार मंत्री अरविंद अग्रवाल, अखिल भारतीय दिगंबर जैन युवा एकता संघ अध्यक्ष अभिषेक जैन बिट्टू, डॉ संजीव अग्रवाल, बाबूलाल जैन, सरिता ओसवाल, राखी जैन, राष्ट्र भक्त दल के अनीश वशिष्ठ सहित हजारों की संख्या में समर्थक डॉ विष्णु गुप्ता को समर्थन देने के लिए रैली में शामिल हुए। टोंक रोड अग्रवाल समाज समिति प्रचार मंत्री अरविंद अग्रवाल ने कहा की भाजपा और कांग्रेस दोनों प्रमुख दलों से अग्रवाल समाज सहित वैश्य समुदाय ने जयपुर शहर से 3-3 सीटों पर टिकट की मांग रखी थी, किंतु भाजपा ने दो, कांग्रेस ने 1 प्रत्याशी को टिकट दिया।



# मालवीय नगर विधानसभा कांग्रेस की प्रत्याशी अर्चना शर्मा का समारोह पूर्वक स्वागत








**जयपुर. शाबाश इंडिया।** बापू नगर स्थित पार्श्वनाथ पार्क में आज मालवीय नगर विधानसभा कांग्रेस की प्रत्याशी अर्चना शर्मा का समारोह पूर्वक स्वागत किया गया। उपस्थित लोगों ने अर्चना शर्मा को चुनाव में विजय दिलाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर श्रमण संस्कृति बोर्ड के अध्यक्ष सुधांशु कासलीवाल ने सभा को संबोधित करते हुए अर्चना शर्मा द्वारा समाज के प्रति निभाए अपने दायित्व और कार्यों का उल्लेख किया एवं कहा कि अर्चना ने हमेशा सामाजिक व धार्मिक कार्यों में सहयोग प्रदान किया है। आज हम सब अपना समर्थन देकर अर्चना शर्मा को मालवीय नगर विधानसभा क्षेत्र से विजय बनाएं । इस अवसर पर बापू नगर चैत्यालय कमेटी के अध्यक्ष ताराचन्द पाटनी, उपाध्यक्ष राजकुमार सेठी, महावीर जैन, सुरेन्द्र मोदी, ज्ञानचन्द्र जी, राजमल लुहाड़िया सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन जैन महासभा के महामंत्री मनीष वैद ने किया।

# जैन सोशल ग्रुप संगिनी फॉरएवर एवं दिगंबर जैन महिला महासमिति के द्वारा केंसर अवेयरनेस कैंप का आयोजन

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

दिनांक 5 नवंबर दिगंबर जैन सोशल ग्रुप संगिनी फॉरएवर एवू दिगंबर जैन महिला महासमिति के द्वारा पहला सुख निरोगी काया के तथ्य को ध्यान में रखते हुए HCG अस्पताल में सुबह 11:00 बजे से 1:00 बजे तक हेल्थ अवेयरनेस कैंप लगाया गया । कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलन के साथ की गई दीप प्रज्वलनकर्ता के रूप में श्रीमती मनीषा प्रमोद भंवर का ग्रुप सदस्यों के द्वारा स्वागत किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में सुप्रसिद्ध डॉक्टर कपिल देव शोरेन एवं डॉक्टर लता शर्मा के द्वारा कैंसर की रोकथाम बचाव आदि के उपाय के बारे में विस्तार से बताया गया सुप्रसिद्ध डॉक्टर्स की टीम के द्वारा काउंसलिंग की गई और उपस्थित सदस्यों की समस्याओं का समाधान किया गया एवं निशुल्क PSA memographi आदि की जांच की गई । ग्रुप अध्यक्ष शकुंतला बिन्दायका ने बताया की कार्यक्रम में महासमिति के वरिष्ठ पदाधिकारी सुरेंद्र पांड्या एवं दिगंबर जैन सोशल ग्रुप फेडरेशन राजस्थान रीजन के अध्यक्ष राजेश बड़जात्या का गौरवपूर्ण सानिध्य भी प्राप्त हुआ रीजन सचिव निर्मल सघी की उपस्थिति ने इस कार्यक्रम में चार चांद लगाए। सचिव सुनीता गंगवाल के अनुसार लगभग 50 महिलाओं ने इस कार्यक्रम की सेवाओं का लाभ उठाया। कोषाध्यक्ष उर्मिला के साथ सभी कार्यकारिणी सदस्यों ने व्यवस्थाओं में सहयोग किया तत्पश्चात सुस्वादिष्ट भोजन की व्यवस्था का भी वहीं पर आनंद लिया गया। अंत में कृष्णकांत गौर का भी आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया गया जिन्होंने इतने बेहतरीन कार्यक्रम का आयोजन करने में भरपूर सहयोग किया।

